# UP TGT-PGT Daily Rank Booster, Hindi Day -6

ENTRI
GET IT ON Google Play

1. **‘आन’ प्रत्यय से बनने वाला शब्द कौन-सा है?**

A चरण

B तुलना

C पालन

D **मिलान**

## Solution

‘आन’ प्रत्यय से बना शब्द ‘मिलान’ है।

मिलान का अर्थ मिलने की क्रिया होगा। जैसे- लिखावट का मिलान, रूपयों का मिलान आदि।

आन प्रत्यय से बने अन्य शब्द होंगे- थकान, पठान, चढ़ान आदि।

अन्य विकल्प- पाल+न=पालन, तुल+ना=तुलना, चर+ण=चरण आदि।

2. **'जब बीज डालोगे तब पौधे उगेंगे'- इस वाक्य में कौन सा काल है?**

A **हेतुहेतुमद्भविष्य काल**

B संभाव्य भविष्य काल

C सामान्य भविष्यकाल

D अपूर्ण वर्तमान काल

## Solution

'जब बीज डालोगे तब पौधे उगेंगे'- वाक्य में 'हेतुहेतुमद्भविष्य काल' है।

हेतुहेतुमद्भविष्य काल - क्रिया के जिस रूप से एक कार्य का पूरा होना दूसरी आने वाले समय की क्रिया पर निर्भर हो उसे हेतुहेतुमद्भविष्य भविष्य काल होता है।

जैसे - जो करे सो भरे

3. **"तरनि तनूजा तट तमाल तरूवर बहु छाए" वाक्य में कौन-सा अलंकार है?**

A उपमा

B उत्प्रेक्षा

C यमक

D **अनुप्रास**

## Solution

अलंकार - काव्यों की सुंदरता बढ़ाने वाले यंत्रों को ही अलंकार कहते हैं। जिस प्रकार मनुष्य अपनी सुंदरता बढ़ाने के लिए विभिन्न आभूषणों का प्रयोग करते हैं उसी तरह काव्यों की सुंदरता बढ़ाने के लिए अलंकारों का उपयोग किया जाता है।

अनुप्रास अलंकार - जहाँ समान वर्ण की अनेक बार पुनरावृत्ति हो, वहीं अनुप्रास अलंकार होता है। अतः यह एक अनुप्रास अलंकार है।

4. **'एकल' का सही विलोम शब्द कौन सा है?**

A असंख्य

B अनेक

C **बहुल**

D बहुत

**Solution**

'एकल' का सही विलोम शब्द 'बहुल' है।

एकल का अर्थ – अकेला

बहुल का अर्थ – अधिक, बहुत

5. **इनमें से एकवचन शब्द की पहचान कीजिए।**

A पुस्तकें

B भक्तजन

C मंत्रिमंडल

D **अधिकारी**

**Solution**

'अधिकारी' शब्द एकवचन है। अन्य सभी बहुवचन रूप में हैं।

संज्ञा के जिस रूप से एक वस्तु, प्राणी या पदार्थ आदि का पता चलता है।

6. **नीचे दिए गए विकल्पों में कौन सा शब्द एकवचन का उदाहरण है?**

A ये

B हैं

C थे

D **वह**

### Solution

वह शब्द एकवचन का उदाहरण है। दिए गए अन्य सभी विकल्प बहुवचन रूप में होने के कारण असंगत उत्तर हैं।

संज्ञा के जिस रूप से एक वस्तु, प्राणी या पदार्थ आदि का पता चलता है।

7. **इनमें से कौन सा शब्द स्त्रीलिंग नहीं है?**

A दात्री

B श्रीमती

C **माली**

D अनुजा

## Solution

'माली' शब्द स्त्रीलिंग लिंग नहीं बल्कि पुल्लिंग शब्द है। इसका स्त्रीलिंग शब्द 'मलिन' होगा।

जिन संज्ञा शब्दों से स्त्री जाति का पता चलता है, स्त्रीलिंग होते हैं।

उदाहरण - लड़की, गाय, आदत आदि।

8. **निम्नलिखित में से विदेशी शब्द नहीं है:**

A **खिड़की**

B गमला

C पपीता

D चाकू

### Solution

अरबी, फारसी, अंग्रजी या अन्य किसी भी दूसरे देश की भाषा के शब्द जिनका हिन्दी भाषा में प्रयोग कर लिया जाता है उन्हें विदेशी शब्द कहते हैं। जैसे -इरादा, इशारा, हलवाई, दीदार, चश्मा, डॉक्टर, हॉस्पिटल, इलाज, बम।

जो शब्द क्षेत्रीय प्रभाव के कारण परिस्थिति व आवश्यकतानुसार बनकर प्रचलित हो गए हैं वे देशज कहलाते हैं। जैसे- खिड़की, गाड़ी, थैला, पेट, खटखटाना आदि। अतः खिड़की एक देशज शब्द है।

9. **हिन्द-यूरोपीय भाषा-परिवार की सभी भाषाओं की एकमात्र प्राचीन जननी कौन सी भाषा मानी जाती है?**

A आदिम-हिन्द-नेपाली भाषा

B मध्यकालीन-हिन्दी-यूरोपीय भाषा

C आदिम-हिन्द-जापानी भाषा

D **आदिम-हिन्द-यूरोपीय भाषा**

## Solution

आदिम-हिन्द-यूरोपीय भाषा, जिसे प्रोटो-इंडो-यूरोपियन भाषा भी कहा जाता है, भाषावैज्ञानिकों द्वारा पूरे हिन्द-यूरोपीय भाषा-परिवार की सभी भाषाओं की एकमात्र प्राचीन जननी भाषा मानी जाती है।

माना जाता है के इसे प्राचीन काल में आदिम-हिन्द-यूरोपीय लोग बोला करते थे, लेकिन यह भाषा हज़ारों वर्ष पूर्व ही पूरी तरह से लुप्त हो चुकी थी। बहुत सी हिन्द-यूरोपीय भाषाओं के सजातीय शब्दों की एक-दुसरे से तुलना के बाद भाषावैज्ञानिकों ने इस लुप्त भाषा का पुनर्निर्माण किया है जिस से इस के शब्दों का अनुमान लगाया जा सकता है।

10. **'ललितललाम' के रचनाकार है:**

A भूषण

B केशव

C जायसी

D **मतिराम**

## Solution

ललितललाम रीति काल के प्रसिद्ध कवि मतिराम द्वारा रचित ग्रंथ है। मतिराम बूँदी, राजस्थान के महाराव भावसिंह के यहाँ बहुत समय तक रहे और उन्हीं के आश्रय में अपना 'ललित ललाम' नामक अलंकार ग्रंथ संवत 1716 और 1745 के बीच किसी समय रचा। 'रसराज' और 'ललित ललाम' मतिराम के ये दो ग्रंथ बहुत प्रसिद्ध हैं, क्योंकि रस और अलंकार की शिक्षा में इनका उपयोग होता आया है।

अपने विषय के ये अनुपम ग्रंथ हैं। 'ललित ललाम' मतिराम जी का तीसरा ग्रथ है। इस ग्रंथ में लक्षण चंद्रालोक, कुवलयानंद नामक संस्कृत ग्रंथों के आधार पर हैं, पर उदाहरण अपने हैं। इसमें रसराज के भी कुछ छंद आए हैं।

ENTRI GET IT ON Google Play